दैनिक जागरण 27/09/2024

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली कलश यात्रा

जागरण संवाददाता • अंबाला शहर: मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में वीरवार को राजकीय कालेजों, स्कूलों में मतदान जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला में स्वयंसेवकों ने शहर के दुकानदारों, रेहड़ी चालकों, आम नागरिकों को भी 5 अक्टूबर को मतदान में हिस्सा लेने का आह्वान किया। बताया कि इस दिन जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया जारी रहेगी। आम नागरिक अपने वोटर आइडी कार्ड लेकर सुबह बूथ पर जाएं और मतदान करने के बाद घर के बाकी काम करें।

जिला प्रशासन इस कार्य में जिला के धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों का भी सहयोग ले रहा है। साथ ही इन सभी को भी वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आमजन से वोट की अपील की गई है।

जीएमएन कालेज में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सजाए गए पौधों के गमले दिखाते हुए छात्राएं व स्टाफ। • डीआइपीआरओ

राजकीय पीजी कालेज, जीएमएन कालेज और महिला कालेज में भी हुए कार्यक्रम

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंटा में प्रधानाचार्य सर्वजीत कौर के नेतृत्व में स्वीप एक्टिविटी करवाई गई। राजकीय बीसी बाजार स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित प्रश्नावली के माध्यम से जागरूक किया गया। राजकीय महिला महाविद्यालय शहर में मतदाता जागरूकता कलश यात्रा का आयोजन किया। इस कलश यात्रा में प्रधानाचार्य डा. खुशीला सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। गांव बराड़ा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जीएचएस धनौरा में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा जीएमएन कालेज कैंट में इलेक्टरोल लिटरेसी क्लब व एनएसएस के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तरह छावनी के राजकीय पीजी कालेज में भी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वोट के लिए प्रेरित किया गया।